# University in News on 04 November 2023

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

### बीएड के नए विद्यार्थियों का एलयूआरएन पंजीकरण करेगा लविवि

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा के तहत दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों का एलयूआरएन पंजीकरण करेगा। इसके लिए छात्रों को प्रशासनिक कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। पंजीकरण के लिए सभी सहयुक्त कॉलेजों को पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की सूची लविवि के प्रवेश विभाग को देनी होगी।

**सहयुक्त कॉलेजों को देनी होगी प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की सूची**

विश्वविद्यालय ने इसी सत्र से प्रवेश के लिए एलयूआरएन पंजीकरण अनिवार्य किया है। बिना पंजीकरण के दाखिला मान्य नहीं होगा। लविवि से जुड़े जिन कॉलेजों में बीएड पाठ्यक्रम संचालित है, उन्हें इसमें प्रवेश लेने के बाद चयनितों की सूची विवि के प्रवेश समन्वयक को भेजनी होगी। इससे उन विद्यार्थियों का एलयूआरएन पंजीकरण होने में किसी तरह की दिक्कत नहीं होगी।

लविवि प्रशासन के मुताबिक, सत्र 2023-24 के लिए बीएड प्रवेश परीक्षा का आयोजन झांसी विवि की ओर से किया गया था। विश्वविद्यालय ही काउंसिलिंग कराकर अभ्यर्थियों को कॉलेज आवंटित कर रहा है। ऐसे में जिन बीएड अभ्यर्थियों ने एलयूआरएन पंजीकरण नहीं कराया है, उन्हें यह नंबर जारी करने के लिए कॉलेजों से प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की सूची मांगी गई है। (संवाद)

### 12 विद्यार्थियों का कैंपस प्लेसमेंट

लखनऊ। लविवि में आईसीआईसीआई बैंक की ओर से आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में व्यापार प्रशासन विभाग के 35 विद्यार्थियों में से 12 का चयन हुआ। ये बिजनेस ट्रेनी पद पर सेवा देंगे। विभागाध्यक्ष प्रो. संगीता साहू ने बताया कि इन्हें 4.5 लाख का सालाना पैकेज मिलेगा। चयनितों में आकाश वर्मा, अनिमेष शरण, अंजलि राय, अर्पिता उपाध्याय, पंकज कुमार तिवारी, प्रशांत कुमार राय, प्रतीक्षा तिवारी, रितेश कुमार गुप्ता, रिया श्रीवास्तव, सलोनी कुमारी, शिवांश आनंद और वर्षा छेत्री हैं। (संवाद)

### वैश्विक गवर्नेंस के लिए करें शिक्षित

लखनऊ। लविवि में शुक्रवार को व्यापार प्रशासन विभाग और सीएमएस की ओर से पैनल डिस्कशन ऑन हाउ टू एस्टेब्लिश ग्लोबल गवर्नेंस पर सत्र का आयोजन हुआ। मुख्य वक्ता इंटरनेशनल एनवायरमेंट फोरम के प्रेसिडेंट डॉ. अगस्तो लोपेज ने कहा, संयुक्त राष्ट्र को मजबूत बनाने के लिए विश्व के नागरिकों को वैश्विक गवर्नेंस के लिए शिक्षित करना होगा। विशिष्ट वक्ता जोशुआ लिनकन ने कहा, शिक्षा और जागरूकता से हम युवा पीढ़ी में सजगता बढ़ा सकते हैं। (संवाद)

## i-NEXT PAGE 4

### एलयू के स्टूडेंट्स का हुआ कैंपस प्लेसमेंट

LUCKNOW : आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी ने एलयू के व्यवसाय प्रशासन विभाग में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव की. इसमें कंपनी से एचआर प्रमुख अरुण शर्मा व उनके सहयोगी नरेंद्र कुमार और पलक गुप्ता शामिल रहे. ड्राइव के दौरान, छात्रों को अपने संगठन में बिजनेस ट्रेनी के रूप में शामिल होने का मौका मिला. स्टूडेंट्स के लिए पैकेज 4.5 लाख प्रति वर्ष है. 35 छात्रों ने कैंपस ड्राइव में हिस्सा लिया. प्री प्लेसमेंट टॉक व ग्रुप डिस्कशन के बाद कैंपस प्लेसमेंट हुआ. कुल 12 छात्रों को चयनित किया गया. इनमें आकाश वर्मा, अनिमेष शरण, अंजलि राय, अर्पिता उपाध्याय, पंकज कुमार तिवारी, प्रशांत कुमार राय, प्रतीक्षा तिवारी, रितेश कुमार गुप्ता, रिया श्रीवास्तव, सलोनी कुमारी, शिवांश आनंद और वर्षा क्षेत्री शामिल हैं.

## NBT PAGE 5

### LU: 12 स्टूडेंट्स को 4.5 लाख पैकेज का ऑफर

■ एनबीटी सं, लखनऊ : एलयू में शुक्रवार को कैंपस प्लेसमेंट ड्राइवर में आईसीआईसीआई ग्रुप ने 12 स्टूडेंट्स को बिजनेस ट्रेनी पद के लिए नौकरी का ऑफर दिया। इसमें व्यापार प्रशासन विभाग के 35 स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया। विभाग की हेड प्रो. संगीता साहू ने बताया कि कंपनी ने आकाश वर्मा, अनिमेष शरण, अंजलि राय, अर्पिता उपाध्यय, पंकज कुमार तिवारी, प्रशांत कुमार राय, प्रतीक्षा तिवारी, रितेश कुमार गुप्ता, रिया श्रीवास्तव, सलोनी कुमारी, शिवांश आनंद और वर्षा छेत्री को 4.5 लाख सालाना के पैकेज का ऑफर दिया है।

## HINDUSTAN PAGE 6

### एलयू: नए गवर्नेंस मॉडल्स पर चर्चा

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में व्यापार प्रशासन विभाग और सीएमएस की ओर से पैनल डिस्कशन ऑन हाउ टू एस्टेब्लिश ग्लोबल गवर्नेंस पर सत्र का आयोजन हुआ। इसमें प्रो. संजय मेधावी, यूएसए के ग्लोबल गवर्नेंस फोरम के एक्स आईएमएफ अंतरराष्ट्रीय अर्थशास्त्री डॉ. अगस्तो लोपेज क्लेरोस, यूएसए के इंटनेशनल एनवायरमेंट फोरम के प्रेसिडेंट डॉ. अर्थर ल्योन और यूएसए की टफ्स यूनिवर्सिटी के सीनियर फेलो डॉ. जोशुआ लिंकन शामिल रहे।

### 12 विद्यार्थियों को 4.5 लाख सालाना का पैकेज

लखनऊ। एलयू में गुरुवार को आईसीआईसीआई की ओर से बिजनेस ट्रेनी पद के लिए कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया था। इसमें व्यापार प्रशासन विभाग के 35 छात्रों ने प्रतिभाग किया था। कंपनी ने प्री प्लेसमेंट, टॉक एवं ग्रुप डिस्कशन के जरिए 12 विद्यार्थियों को 4.5 लाख सालाना के पैकेज पर चयनित किया। विभागाध्यक्ष प्रो. संगीता साहू ने बताया कि चयनितों में आकाश वर्मा, अनिमेष शरण, अंजलि राय, अर्पिता उपाध्यय आदि शामिल रहे।

## JAGRAN CITY PAGE III

### लवि : संस्कृति सुरभि का आयोजन 28 नवंबर से

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने 14वें संस्कृति सुरभि-2023 के आयोजन की तिथि में बदलाव कर दिया है। अब यह आयोजन 28 नवंबर से दो दिसंबर तक होगा। इसमें विभिन्न कालेजों के विद्यार्थी अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। द्वितीय कैंपस में होने वाले इस आयोजन के लिए कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह ने लखनऊ यूनिवर्सिटी कल्चरल एंड स्पोर्ट्स कमेटी के निदेशक प्रोफेसर सतीश चंद्रा को पत्र जारी कर दिया है।

खेल एवं सांस्कृतिक समिति के अध्यक्ष डा. उग्रसेन वर्मा ने बताया कि अभी तक 31 अक्टूबर से चार नवंबर तक इसकी तिथि तय थी, लेकिन इसमें बदलाव किया गया है। कार्यक्रम में लखनऊ, हरदोई, सीतापुर, रायबरेली, लखीमपुर खीरी व रायबरेली के सभी महाविद्यालय एवं लखनऊ के सभी विश्वविद्यालयों के छात्र-छात्राएं प्रतिभाग कर सकेंगे। इसमें पंजीकरण फिर से शुरू हो गए।

समिति के निदेशक प्रोफेसर सतीश चंद्रा ने बताया कि संस्कृति सुरभि-2023 के अंतर्गत अब तक 1400 पंजीकरण हो चुके हैं। इसमें स्पोर्ट्स, कल्चरल और लिट्रेरी में 50 से ज्यादा प्रतियोगिताएं होंगी। विद्यार्थी फेस पेंटिंग, कार्ड मेकिंग, मेंहदी, रंगोली, टीशर्ट पेंटिंग, बेस्ट आफ द वेस्ट, नुक्कड़ नाटक, सोलो डांस, ग्रुप डांस, साइकिल रेस से लेकर फैशन शो आदि में भी अपना हुनर दिखा सकेंगे।

## SWATANTRA BHARAT PAGE 2

### कैंपस प्लेसमेंट में एलयू के 12 छात्र चयनित

स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ। आईसीआईसीआई कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव 2022-24 बैच आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड जोकि बीएफएसआई बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं और बीमा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण संगठन द्वारा लविवि के व्यवसाय प्रशासन विभाग में एक कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित की। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंशोरेंस कंपनी लिमिटेड एक ब्लू चिप कंपनी है जो भारतीय शेयर बाजार में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई)पर लिस्ट किए जाने वाली पहली बीमा कंपनी है। इस कैम्पस ड्राइव के लिए आईसीआईसी प्रूडेंशियल की टीम में अरुण शर्मा, मानव संसाधन प्रमुख और उनके सहयोगी नरेंद्र कुमार और पलक गुप्ता शामिल रही। उन्हें भर्ती प्रक्रिया का पर्यवेक्षण करने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। इस कैम्पस ड्राइव के दौरान आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल ने छात्रों को अपने संगठन में बिज़नेस ट्रेनी के रूप में शामिल होने का मौका प्रदान किया। इस भूमिका के लिए रोजगार संबंधित पैकेज 4.5 लाख प्रति वर्ष (एलपीए) पर निर्धारित किया गया। जिससे यह उम्मीदवारों के लिए एक आकर्षक प्रस्ताव बन गया। व्यवसाय प्रशासन विभाग के 35 छात्रों ने कैम्पस ड्राइव में भाग लिया। भर्ती प्रक्रिया में विभिन्न चरण शामिल थे, जैसे प्री प्लेसमेंट टॉक एवं ग्रुप डिस्कशन।

### शिक्षा से हम युवा पीढ़ियों में सजगता बढ़ा सकते हैं : डॉ. जोशुआं

स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ। विश्वविद्यालय के व्यापार प्रशासन विभाग एवं सिटी मांटेसरी स्कूल के सह-सहयोग से छात्रों के समग्र विकास के लिए पैनल डिस्कशन ऑन हाउ टू एस्टेब्लिश ग्लोबल गवर्नेंस पर एक सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रो. संजय मेधावी के सार्थक प्रयासों से सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। प्रो.संजय मेधावी ने कार्यक्रम की शुरुआत वैश्विक शासन की उपयोगिता एवं सार्थकता की बुनियाद के महत्व पर अपने विचार सभा के समक्ष व्यक्त किए। इस पैनल डिस्कशन में कई वक्ताओं के विचार सुनने को मिले। जिनमें डॉ.अगस्तो लोपेज क्लेरोस (इंटरनेशनल इकोनॉमिस्ट, एक्स आईएमफ, ग्लोबल गवर्नेंस फोरम, यूएसे), डॉ.अर्थर ल्योन (प्रेसिडेंट, इंटरनेशनल एनवायरनमेंट फोरम,यूएसे), डॉ.जोशुआ लिनकन (सीनियर फेलो, टफ्स यूनिवर्सिटी, यूएसे) शमिल रहे। वहीं,डॉ. अगस्तो लोपेज ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र को मजबूत बनाने के लिए नए गवर्नेंस मॉडल्स की जरूरत है, जो संगठन की प्रभावकारिता बढ़ा सकें। साथ ही न्यायिक प्रक्रियाओं को सुधारकर विश्व शांति और सुरक्षा को स्थिर करना होगा। विश्व के विकास के लिए सशक्तिकरण और व्यापारिक सहयोग को बढ़ावा देना अत्यंत महत्वपूर्ण है। एक व्यापारिक मंच या संगठन की स्थापना, जो सरकार और उद्यमियों के बीच सहयोग को बढ़ावा देता है, यह सुनिश्चित करेगा कि आर्थिक और सामाजिक विकास में सुधार हो। इसके पश्चात डॉ.जोशुआ लिंकन ने कहा कि डिजिटल युग में विश्व नागरिक के रूप में हमें एक डिजिटल योग्य जनसमुदाय बनाने के लिए तैयार होना चाहिए। इससे वैश्विक संवाद और साझा समस्याओं के समाधान में मदद मिलेगी। विश्व के नागरिकों को वैश्विक मुद्दों और गवर्नेंस के महत्व के बारे में शिक्षित करना हमारी जिम्मेदारी है।

## VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

### कैंपस ड्राइव में 12 छात्र चयनित



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने लखनऊ विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रशासन विभाग में एक कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित की। इस कैम्पस ड्राइव के लिए आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल की टीम में अरुण शर्मा, मानव संसाधन प्रमुख, और उनके सहयोगी नरेंद्र कुमार और पलक गुप्ता शामिल थे। उन्हें भर्ती प्रक्रिया का पर्यवेक्षण करने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। कैम्पस ड्राइव के दौरान छात्रों को अपने संगठन में बिजनेस ट्रेनी के रूप में शामिल होने का मौका दिया। इस भूमिका के लिए रोजगार संबंधित पैकेज 4.5 लाख प्रति वर्ष पर निर्धारित किया गया, जिससे यह उम्मीदवारों के लिए एक आकर्षक प्रस्ताव बन गया। व्यवसाय प्रशासन विभाग के 35 छात्रों ने कैम्पस ड्राइव में भाग लिया। जिसमें से कुल 12 छात्रों को चयनित किया गया। इसमें आकाश वर्मा, अनिमेष शरण, अंजलि राय, अर्पिता उपाध्यय, पंकज कुमार तिवारी, प्रशांत कुमार राय, प्रतीक्षा तिवारी, रितेश कुमार गुप्ता, रिया श्रीवास्तव, सलोनी कुमारी, शिवांश आनंद और वर्षा क्षेत्री है।

### वैश्विक प्रबंधन स्थापित करने के लिए साथ काम करना जरूरी

- लविवि में छात्रों के समग्र विकास के लिए पैनल डिस्कशन आयोजित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के व्यापार प्रशासन विभाग एवं सीएमएस के सहयोग से छात्रों के समग्र विकास के लिए पैनल डिस्कशन ऑन हाउ टू एस्टेब्लिश ग्लोबल गवर्नेंस पर एक सत्र शुक्रवार को आयोजित हुआ। कार्यक्रम का आयोजन संजय मेधावी ने किया। उन्होंने कार्यक्रम की शुरूआत वैश्विक शासन की उपयोगिता एवं सार्थकता की बुनियाद के महत्व पर अपने विचार सभा के समक्ष व्यक्त किये।

इस पैनल डियस्कशन में कई वक्ताओं के विचार सुनने को मिले, इसमें डॉ. अगस्तो लोपेज क्लेरोस (इंटरनेशनल इकोनॉमिस्ट, एक्स आईएमफ, ग्लोबल गवर्नेंस फोरम, यूएसे), डॉ. अर्थर ल्योन (प्रेसिडेंट, इंटरनेशनल एनवायरनमेंट फोरम, यूएसे), डॉ. जोशुआ लिनकन (सीनियर फेलो, टफ़्स यूनिवर्सिटी, यूएसे) आदि रहे।

डॉ. अगस्तो लोपेज ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र को मजबूत बनाने के लिए नये गवर्नेंस मॉडल्स की आवश्यकता है, जो संगठन की प्रभावकारीता बढ़ा सकें। साथ ही, न्यायिक प्रक्रियाओं को सुधारकर विश्व शांति और सुरक्षा को स्थिर करना होगा। विश्व के विकास के लिए सशक्तिकरण और व्यापारिक सहयोग को बढ़ावा देना अत्यंत महत्वपूर्ण है। एक व्यापारिक मंच या संगठन की स्थापना, जो सरकारों और उद्यमियों के बीच सहयोग को बढ़ावा देता है, यह सुनिश्चित करेगा कि आर्थिक और सामाजिक विकास में सुधार हो।

डॉ. जोशुआ लिनकन ने कहा कि डिजिटल युग में विश्व नागरिक के रूप में हमें एक डिजिटल योग्य जनसमुदाय बनाने के लिए तैयार होना चाहिए। इससे वैश्विक संवाद और साझा समस्याओं के समाधान में मदद मिलेगी। विश्व के नागरिकों को वैश्विक मुद्दों और गवर्नेंस के महत्व के बारे में शिक्षित करना हमारी जिम्मेदारी है। शिक्षा और जागरूकता से हम समाज में जागरूकता और जवान पीढ़ियों में सजगता बढ़ा सकते हैं। डॉ. अर्थर ल्योन ने कहा कि विश्व में अनेक संवैधानिक और गैर-सरकारी संगठन हैं जो समस्याओं के समाधान में मदद कर सकते हैं। हमें इन संगठनों का समर्थन करना चाहिए ताकि वे वैश्विक स्तर पर प्रभावी गवर्नेंस की दिशा में मदद कर सकें। पैनल डिस्कशन के निष्कर्ष में आया कि वैश्विक प्रबंधन स्थापित करने के लिए साथ मिलकर काम करना होगा। संयुक्त राष्ट्र के सुधार, साथिकरण, डिजिटल विश्व नागरिक, शिक्षा, और गैर-सरकारी संगठनों का समर्थन सभी वैश्विक समस्याओं के समाधान में हमारी मदद करेगा, और एक सशक्त, सामरिक, और न्यायपूर्ण वैश्विक समुदाय की स्थापना करने में हमारी सफलता की गारंटी होगी। अंत में सभी पैनलिस्ट को धन्यवाद ज्ञापन देकर कार्यक्रम का समापन हुआ।